(ख) क्या उत्तर प्रदेश में कानपुर और लखनऊ की एच. डी. एम. पाइपलाइन द्वारा गैस की आपूर्ति किये जाने संबंधी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा तेल की खोज

674. **श्री राम नरेश यादव** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चालू वर्ष के दौरान इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा तेल की खोज का काम शुरू किये जाने का क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इन क्षेत्रों में पर्याप्त तेल मिलने की संभावना है; यदि हां, तो सरकार ने अधिक तेल निकालने के लिए कौन-कौन से साधन अपनाये हैं; और

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान तेल के कितने कुओं की खुदाई की गई और उनका ब्यौरा क्या है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) इंडियन आयल कारपोरेशन तेल और गैस की खोज नहीं करता है।

(ख) और (ग) उपर्युक्त (क) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

रसोई गैस का उत्पादन

675. **श्री राम नरेश यादव** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने रसोई गैस का उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई नई योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार चालू पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान इसे कार्यान्वित करने का विचार रखती है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) से (ग) देशी स्रोतों से एल० पी० जी० का उत्पादन वर्ष 1992-93 के 2278 टी एम टी पी ए से बढ़कर वर्ष 1996-97 में 3897 टी एम टी पी ए हो जाने की संभावना है। वर्ष 1999-2000 में इसके पुन: बढ़कर 4275 टी एम टी पी ए हो जाने की संभावना है उपर्युक्त वर्तमान देशी उपलब्धता की प्राप्ति वर्तमान स्रोतों की क्षमता में वृद्धि और नये उत्पादन स्रोतों के चालू होने से ही होगी।

मध्य प्रदेश में तेल और प्राकृतिक गैस के लिए सर्वेक्षण

676. **श्री शिव प्रसाद बनपुरिया** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में तेल और प्राकृतिक गैस की खोज के लिए किन किन स्थानों पर सर्वेक्षण किया गया है और उसके क्या परिणाम प्राप्त हुए हैं;

(ख) क्या नर्मदा, बेनगंगा और सोन नदियों के कछार तथा सतपुड़ा और विन्ध्याचल पर्वतमाला की तराईयों में इस हेतु सर्वेक्षण कराये जाने का कोई प्रस्ताव है; और

(ग) क्या झाबुआ-मंडला, छिंदवाड़ा और सरगुजा जिलों के पर्वतीय अंचलों में तेल और प्राकृतिक गैस होने की संभावना को देखते हुए इन जिलों में व्यापक सर्वेक्षण करवाया जाएगा?